# फैमली टाइम्स

RNI NO : PUNMUL/2009/2902 | 27 , JUNE , 2025 | PAGES : 16 | E-PAPER

# IND vs ENG: हार के बाद क्या दूसरे मैच में बदलाव करेगी टीम इंडिया? कुलदीप को मौका मिलने की कितनी संभावना




भारत के लिए पहली पारी और दूसरी पारी में निचले क्रम ने बल्लेबाजी में अच्छा योगदान नहीं दिया था जो भारी पड़ा। वहीं, दूसरी पारी में गेंदबाज भी कमाल नहीं दिखा पाए जो हार का बड़ा कारण रहा। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में मिली हार के बाद भारतीय टीम में बदलाव की मांग ने जोर पकड़ा है। रोहित शर्मा और विराट कोहली की अनुपस्थिति में खेलने उतरी भारत को इंग्लैंड दौरे पर शुरुआती मैच में हार मिली। इस मैच में भारत के शीर्ष पांच बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन निचले क्रम के खराब प्रदर्शन और जसप्रीत बुमराह के अलावा अन्य गेंदबाजों का उपयुक्त योगदान नहीं दे पाना भारत को भारी पड़ा।



HOLISTIC VASTU
CONSULTANTS
Vastu Dosha Correction
Without any Remedies
First Phone Advice Free
Scientific Vastu Shastra Consultant since 2012.
13+ years experience.
SERVICES
✓ VASTU FOR HOME
✓ VASTU FOR OFFICE
✓ VASTU FOR HOTELS
✓ VASTU FOR FACTORY
✓ VASTU FOR PLOTS
Sonam Sandhu
+91-93502-71012
www.vastushastraconsultant.com

# अंकित कौशिक के शतक से लेजर जोन मजबूत स्थिति में पहुंचा



कप्तान अंकित कौशिक के नाबाद शतक की बदौलत लेजर जोन ने जीएमएसएसएस-26 में खेले जा रहे यूटीसीए मल्टी-डे क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले दिन 354 रनों का स्कोर बना लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी लेजर जोन की शुरुआत अच्छी रही। सलामी बल्लेबाज गुरनीत सिंह के 85 रन बनाए। इसके बाद अंकित कौशिक ने 89 गेंदों पर 102 रन बनाकर लेजर जोन को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। सुखना जोन के लिए दीपिन दहिया ने 16 रन देकर 3 विकेट चटकाए। जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक सुखना जोन ने बिना किसी नुकसान के 33 रन बना लिए हैं।

# BALAJI AUTOS

## CAR REPAIR SERVICES

Get your car fixed right the first time with our certified and experienced car repair technicians.



**Our Services**

- Wheel Alignment
- Washing Drycleaning
- Denting - Painting
- Car Scanning
- Apollo Tyers Available
- Insurance of Car Bike
- Car Fitness Certificate




Bmw, Audi, Mercedes, Maruti, Hyundai, Honda, Gm, Kia, Skoda, VW

**BALAJI AUTOS**

Plot No. 37, Main Road, Sec- 42, Attawa, Chd 9646952897


# मंडी में चला विशेष सफाई अभियान , कोने-कोने को चमकाया गया; आढ़तियों से अपील



मंडी के प्रशासक पवित्र सिंह ने बताया कि मंडी में सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर नगर निगम के साथ मिलकर अब लगातार संयुक्त सफाई अभियान चलाया जाएगा। चंडीगढ़ सेक्टर 26 स्थित मंडी में सोमवार को विशेष सफाई अभियान चलाया गया। मंडी कमेटी ने नगर निगम की टीम के साथ मिलकर मंडी के कोने-कोने में सुबह से देर शाम तक सफाई की। इस दौरान नगर निगम की तरफ से सफाई के लिए अतिरिक्त उपकरण और कर्मचारी उपलब्ध कराए गए। मंडी के प्रशासक पवित्र सिंह ने बताया कि मंडी में सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर नगर निगम के साथ मिलकर अब लगातार संयुक्त सफाई अभियान चलाया जाएगा।

# विकास नगर के घरों में आ रहा दूषित पानी, बीमारी फैलने का सता रहा डर

विकास नगर मौली जागरां में पिछले कई दिनों से बहुत गंदा पानी आ रहा है। जिससे स्थानीय लोग बहुत परेशान हैं। लोगों को पीने के लिए और घरेलू कामों के लिए बाहर से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। अपने पैसे खर्च कर टैंकर मंगाने पड़ रहे हैं। यहां के कई लोगों को और बच्चों को उल्टी-दस्त की समस्या भी हो रही है। स्थानीय निवासी भाजपा नेता शशि शंकर तिवारी ने बताया कि आधी कॉलोनी में यह दिक्कत है। यहां नंबर 1400 से लेकर 2600 तक के मकानों के नलों में सीवरेज का पानी मिक्स होकर कर रहा है।



# मानसून की झमाझम से सात डिग्री गिरा पारा, आज बारिश का ऑरेंज अलर्ट; आगे कैसा रहेगा मौसम



मौसम केंद्र के निदेशक सुरिंदर पाल ने बताया कि शहर में अगले चार-पांच दिन बारिश होगी। पिछले दिनों भी बारिश की संभावना बनती रही लेकिन बादलों ने अपना रास्ता बदल लिया था और ऊपर चले गए थे लेकिन अब स्थितियां काफी अनुकूल हैं। मानसून दस्तक दे चुका है। ऐसे में अगले चार-पांच दिन बादल खूब बरसेंगे। चंडीगढ़ में मानसून ने दस्तक दे दी है और इसके साथ ही मौसम ने करवट ले ली है। बुधवार को शहरवासियों ने मौसम में एक बड़ा बदलाव महसूस किया। दिनभर कभी बादल और रुक-रुक कर हुई हल्की बारिश ने ठंडक घोल दी। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले चार से पांच दिनों तक इसी तरह का मौसम बना रहेगा। कभी तेज को कभी मध्यम बारिश होगी और तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है।

# इंडस्ट्रियल प्लॉटों में कन्वर्जन पॉलिसी को मंजूरी, मिलेगा एक हजार करोड़ रुपये का मिलेगा राजस्व



पंजाब मंत्रिमंडल की बैठक में इंडस्ट्री डिपार्टमेंट की तरफ से लीज होल्ड प्रॉपर्टी को फ्री होल्ड करने का फैसला लिया गया है। इससे 1800 के करीब इंडस्ट्रियल प्लॉटों को फायदा होगा। इससे पहले पिछली सरकारों ने अनअर्नड फीस का क्लॉज लगा दिया था, जिस कारण सरकार के पास सिर्फ चार केस ही आए। इस कारण सरकार को वित्तीय नुकसान झेलना पड़ा। पंजाब कैबिनेट की बैठक वीरवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में फोकल पॉइंट्स में इंडस्ट्री प्लॉटों में कन्वर्जन की मंजूरी दे दी गई है। अब इन प्लॉटों को मालिक इंडस्ट्री टू बिजनेस में कन्वर्ट करवा सकेंगे, जिससे उद्योगपतियों की बड़ी राहत मिलेगी। वह इन प्लॉटों में व्यावसायिक गतिविधियों को अंजाम दे सकेंगे। इनमें होटल, अस्पताल, ईडब्ल्यूएस, बैंक्वेट हॉल, हॉस्टल, रेंटल हाउसिंग, इंस्टीट्यूट और ऑफिस स्पेस बना सकेंगे।

# एसजीजीएसएचसी-26 और सीएचए-42 जूनियर हॉकी चैंपियनशिप के विजेता बने



हॉकी स्टेडियम सेक्टर-42 में जूनियर हॉकी चैंपियनशिप में सोमवार को महिला और पुरुष वर्ग में फाइनल मुकाबलों का आयोजन किया गया। महिला वर्ग में एसजीजीएसएचसी-26 की टीम और पुरुष वर्ग में सीएचए-42 की टीम विजेता रही। विजेता और उपविजेता टीमों को यूटी खेल विभाग के निदेशक सौरभ अरोड़ा ने मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। फाइनल मुकाबले में महिला वर्ग में एसजीजीएसएचसी 26 की टीम ने सीचएस ब्ल्यू की टीम को 5- 2 से मात दी। वहीं पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में सीएचए-42 की टीम ने एसजीजीएसएचसी-26 की टीम को 7- 6 से हरा दिया। टूर्नामेंट हॉकी चंडीगढ़ की ओर से आयोजित किया गया।


# स्लैब में बदलाव व फिक्स चार्ज से 12 से 30% तक बढ़े बिजली के दाम



हरियाणा में जून में आए बिजली के बिलों ने उपभोक्ताओं को बड़ा झटका दिया है। हरियाणा बिजली वितरण निगम की तरफ से बिजली दरों की स्लैब में बदलाव किए जाने व प्रति किलोवाट फिक्स चार्ज लगाए जाने के कारण उपभोक्ताओं के बिल 12 से 30 फीसदी तक बढ़ गए।

सबसे अधिक मार पांच किलोवाट के कनेक्शन धारकों पर पड़ी है। पहले प्रति माह 50 यूनिट या इससे अधिक खपत पर 2.50 रुपये से लेकर 6.30 रुपये प्रति यूनिट अलग-अलग स्लैब के अनुसार बिल लिया जाता था, लेकिन अब उनसे 6.50 से 7.50 रुपये प्रति यूनिट तक लिए जाने लगे हैं। इस पर जहां आम लोग व कारोबारी कराह उठे, वहीं विपक्ष ने सरकार पर चार गुना बिजली महंगी किए जाने का आरोप लगाया है।

# आईएसबीटी-43 पर धरना प्रदर्शन देने पर 9 कर्मचारी गिरफ्तार



आईएसबीटी-43 पर अवैध रूप से धरना प्रदर्शन देने पर पुलिस ने सीटीयू 9 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। बाद में सभी को थाने से जमानत पर छोड़ दिया गया। सेक्टर-36 थाना पुलिस ने 16 जून को आईएसबीटी-43 पर धरना प्रदर्शन करने के खिलाफ डायरेक्टर ट्रांसपोर्ट प्रद्युमन सिंह की शिकायत पर 10 कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। आईएसबीटी-43 की चौकी इंचार्ज आशा देवी ने पूछताछ के लिए इन्हें चौकी बुलाया था। जिसके बाद 9 कर्मचारी चौकी पहुंचे, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सीटीयू विभाग को इन कर्मचारियों की गिरफ्तारी की जानकारी दे दी है।

# मैंगो मेला चार जुलाई से: पिंजौर के यादवेन्द्र गार्डन में होगा तीन दिवसीय आयोजन, सीएम सैनी करेंगे उद्घाटन



पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा पर्यटन विकास निगम व बागवानी विभाग वर्ष 1992 से यादवेन्द्र गार्डन, पिंजौर में मैंगो मेले का आयोजन कर रहा है। मैंगो मेले के 32वें संस्करण का आयोजन इस बार 4 जुलाई से किया जाएगा, जो 6 जुलाई तक चलेगा। पिंजौर के प्रसिद्ध मुगलकालीन यादवेन्द्र गार्डन में पर्यटन विभाग व बागवानी विभाग द्वारा 4 जुलाई से 6 जुलाई तक 32वें मैंगो मेले का आयोजन किया जाएगा। सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने यह जानकारी दी। मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। उन्होंने कहा कि देश भर के आम उत्पादकों की सैकडों व विविधता से भरपूर किस्मों का प्रदर्शन मैंगो मेले में किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों को मैंगो मेले के शानदार आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# स्कूली बसों के जांचने के निर्देश, स्कूल संचालकों के साथ होगी बैठक




अगले महीने से स्कूल खुल जाएंगे। राज्य सरकार ने अभी से स्कूली वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। राज्य सरकार की ओर से निर्देश दिया गया है कि स्कूल खुलने से पहले सभी वाहनों की फिटनेस व दस्तावेज चेक कर दिए जाएं। इसमें किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। इस बारे में स्कूल संचालकों के साथ भी बैठक करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि स्कूल बस से संबंधित नियमों से उन्हें भी अवगत करा दिया जाए।

# मजीठिया की गिरफ्तारी पर बोले मान: पूरे सबूत जुटाकर की गई है कार्रवाई, कोई कितना भी ताकतवर हो... बख्शेंगे नहीं

पूर्व अकाली मंत्री बिक्रम मजीठिया को बुधवार को उनके अमृतसर निवास से मनी लॉन्ड्रिग मामले में गिरफ्तार किया गया था। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि अकाली दल के नेता व पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया के खिलाफ कार्रवाई पूरे कागज जुटाकर और पक्के पैरी की गई है। विपक्ष काफी समय से आरोप लगा रहा था कि बड़ी मछलियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। अब जब वह बड़ी मछलियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं तो पूरा विपक्ष एकजुट हो गया।



# चंडीगढ़ में श्रम कानूनों में होगा संशोधन: महिलाएं रात में कर सकेंगी काम, फैक्ट्रियों में बढ़ेगी ओवरटाइम सीमा



औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत अब यह अधिनियम केवल उन इकाइयों पर लागू होगा जिनमें 300 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हों। अभी यह सीमा 100 कर्मचारियों की है। साथ ही चंडीगढ़ के लिए इस अधिनियम में एक विशेष संशोधन का भी प्रस्ताव है। चंडीगढ़ यूटी प्रशासन ने श्रम कानूनों में बड़े सुधारों का प्रस्ताव तैयार किया है। पंजाब और हरियाणा की तर्ज पर तैयार इन प्रस्तावों के तहत छोटे उद्योगों को जटिल प्रक्रियाओं से राहत, महिलाओं को रात की शिफ्ट में काम करने की अनुमति, ओवरटाइम की सीमा बढ़ाने और मामूली उल्लंघनों के निपटारे के लिए समझौते की व्यवस्था जैसी कई अहम बदलाव शामिल हैं।

# एअर इंडिया हादसे के बाद मिले ब्लैक बॉक्स की जांच जारी, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने दिया यह अपडेट



सरकार ने एअर इंडिया हादसे के बाद मिले ब्लैक बॉक्स के जांच से जुड़ी जानकारी साझा की है। विमानन मंत्रालय ने बताया है कि 24 जून को फ्रंट ब्लैक बॉक्स से क्रैश प्रोटेक्शन मॉड्यूल (सीपीएम) को सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया और 25 जून को मेमोरी मॉड्यूल को सफलतापूर्वक एक्सेस किया गया। इसका डेटा एएआईबी लैब में डाउनलोड किया गया। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एअर इंडिया हादसे के बाद मिले ब्लैक बॉक्स के जांच से जुड़ी जानकारी साझा की है। मंत्रालय ने बताया है कि 24 जून को फ्रंट ब्लैक बॉक्स से क्रैश प्रोटेक्शन मॉड्यूल (सीपीएम) को सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया और 25 जून को मेमोरी मॉड्यूल को सफलतापूर्वक एक्सेस किया गया और इसका डेटा एएआईबी लैब में डाउनलोड किया गया। सीवीआर और एफडीआर डेटा का विश्लेषण जारी है।